# मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने लगभग 70 करोड़ रुपए की लागत से 39 एकड़ में बनने वाले जिला सेवा सदन का भूमि पूजन किया

**नवगठित वाव थराद जिले को मिलेगा अत्याधुनिक जिला सेवा सदन**

**77वें गणतंत्र पर्व की राज्य स्तरीय समारोह का पहली बार मेजबान बने जिले के विकास की नई दिशा**

**विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकरभाई चौधरी एवं राज्य मंत्री श्री स्वरूपजी ठाकोर की प्रेरक उपस्थिति**

**जिले के नागरिकों को एक ही स्थान पर सरकार के विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होंगी**

**नवगठित वाव थराद जिले को आगामी दिनों में एक नया अत्याधुनिक जिला सेवा सदन मिलेगा**

**यह नया निर्माण होने वाला सेवा सदन जिले के सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करेगा**

गांधीनगर, 25 जनवरी : 77वें गणतंत्र पर्व की राज्य स्तरीय समारोह का पहली बार मेजबान बने वाव थराद जिले में महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने थराद में लगभग 70 करोड़ रुपए की लागत से 39 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले जिला सेवा सदन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास (तख्ती अनावरण) संपन्न किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकरभाई चौधरी तथा राज्य मंत्री श्री स्वरूपजी ठाकोर उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन के दृष्टिकोण के अनुरूप नागरिकों को सभी सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर सरलता से उपलब्ध हों, इस उद्देश्य से जिला मुख्यालयों पर जिला सेवा सदन के निर्माण का दृष्टिकोण अपनाया गया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए नवगठित वाव थराद जिले में आधुनिक सेवा सदन का निर्माण किया जाएगा।

इस नए जिला सेवा सदन में जिला कलेक्टर कार्यालय सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के 30 से अधिक जिला स्तरीय कार्यालय कार्यरत किए जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप जिले के नागरिकों को एक ही स्थान से सरकार के विभिन्न विभागों की सेवाएं सरलता से प्राप्त होंगी तथा उनके समय और संसाधनों की बचत होगी, साथ ही प्रशासनिक कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

वाव थराद जिले के इस सेवा सदन का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग के मानकों के अनुसार किया जाएगा। इसमें सोलर रूफ टॉप, वर्षा जल संचय की व्यवस्था, विशाल मीटिंग हॉल, अत्याधुनिक लिफ्ट तथा बेसमेंट पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

इस अवसर पर दियोदर विधायक श्री केशाजी चौहान, जिला प्रभारी सचिव श्री नागराजन, जिला कलेक्टर श्री जे. एस. प्रजापति, जिला विकास अधिकारी श्री कार्तिक जीवाणी,सड़क एवं भवन विभाग के सचिव श्री पी. आर. पटेलिया, विशेष सचिव श्री जे. ए. गांधी, अधीक्षण अभियंता श्री एल. डी. चौधरी, कार्यपालक अभियंता श्री तेजस मांगुकिया सहित अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति-5: पीलीभीत पुलिस की मुहिम, छात्राओं को जागरूक किया महिला अपराधों से

(जीएनएस)।

पीलीभीत। DIG/SP के सशक्त निर्देशन में मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत थाना सेहरामऊ उत्तरी की पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया। थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमण के दौरान छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों और साइबर क्राइम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे युवा पीढ़ी में सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संचार हुआ।

अभियान का उद्देश्य और गतिविधियां

मिशन शक्ति-5 अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जो महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस टीम ने गांव-गांव और स्कूलों का दौरा कर छात्राओं को छेड़खानी, घरेलू हिंसा, यौन शोषण जैसे अपराधों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही, साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया पर ब्लैकमेलिंग और फेक न्यूज से सावधान रहने की सलाह दी गई, जिसमें हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला पावर लाइन) और 112 (इमरजेंसी) का विशेष उल्लेख किया।



पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक टिप्स सिखाए, जैसे संदिग्ध व्यक्तियों से दूरी बनाना, रात में अकेले न चलना और

# पीलीभीत: गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त पेट्रोलिंग, सुरक्षा घेरा कसा

(जीएनएस)।

पीलीभीत, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक महोदय पीलीभीत के सख्त निदेर्शों के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी पूरनपुर ने एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल), थाना माधौटांडा पुलिस बल तथा नेपाल की एपीएफ (आर्म्ड पुलिस फोर्स) के साथ मिलकर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त पेट्रोलिंग अभियान चलाया।इस संयुक्त कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना रहा, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध तस्करी या आपराधिक तत्वों की घुसपैठ को रोका जा सके।





पेट्रोलिंग दलों ने सीमा पर आवागमन करने वाले सभी व्यक्तियों की कड़ी जांच की तथा संदिग्ध वाहनों और पैदल यात्रियों पर विशेष नजर रखी।क्षेत्राधिकारी पूरनपुर ने बताया कि यह अभियान दोनों देशों के बीच सीमा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, खासकर राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर। उन्होंने सीमा पर तैनात सभी थानों और बलों को निर्देश दिए हैं कि संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा किसी भी असामान्य स्थिति में तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाए। नेपाल की एपीएफ के अधिकारियों ने भी इस सहयोग की सराहना की तथा दोनों पक्षों ने आपसी समन्वय बढ़ाने पर बल दिया।इस पेट्रोलिंग से सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है। जिला प्रशासन ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सभी सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं, जिसमें नाइट पेट्रोलिंग और चेकपोस्टों पर सघन जांच शामिल है।

# मीरपुर बहानपुर स्कूल के पीछे गंदगी का अंबार: छात्रों को बीमारी का खतरा, लोगों ने की सफाई की मांग

(जीएनएस)।

पीलीभीत (बीसलपुर)। किशनी ग्राम मीरपुर बहानपुर स्थित आजाद हाई स्कूल के पीछे कूड़े का पहाड़ लगा हुआ है। इस गंदगी से छात्रों को गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हो रहा है, लेकिन अधिकारी अब तक बेखबर बने हुए हैं।विद्यालय परिसर के ठीक पीछे कूड़े का ढेर और उगी हुई झाड़ियाँ नजर आ रही हैं। स्कूल पहुंचने वाली सड़क जर्जर हालत में है, जिससे बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है।

गंदगी से पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई है, खासकर छात्राओं को इससे तकलीफ हो रही है। मच्छरों का आतंक बढ़ गया है, जो कक्षाओं तक घुस जाते हैं और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा पैदा कर रहे हैं। कई छात्र बदबू से पढ़ाई पर ध्यान नहीं केंद्रित कर पा रहे।



स्थानीय निवासियों और छात्रों का आरोप है कि इस समस्या पर न ग्राम विकास विभाग और न ही प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे। छात्रों के भविष्य पर गंदगी का बुरा असर पड़ रहा है। जागरूक नागरिकों रौनक अली अंसारी, आरिफ बबलू, तौफीक रहमत शाह, इजाजत खान, मोईन अली और ताहिर जावेद ने अधिकारियों को शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी रितेश शुक्ला से बात की गई। उन्होंने फोन पर आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सफाई करवाई जाएगी और समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। स्थानीय लोग अब तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# नशे में धुत युवक ने बाइक में लगाई आग, परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से झुलसे

(जीएनएस)।

पीलीभीत,सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में रविवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। शराब के नशे में धुत युवक लक्ष्मी नारायण उर्फ पिंटू ने अपने घर के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग तेजी से फैल गई, जिसे बुझाने और युवक को बचाने के प्रयास में परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा शहर के व्यस्त गैस चौराहे के पास स्थित घर में सुबह करीब 4 बजे हुआ।





मिली जानकारी के अनुसार, पिंटू पुत्र हरचरण लाल ने नशे की हालत में यह कदम उठाया। उस समय परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। आग की लपटें देखकर घर में हड़कंप मच गया और शोर सुनकर आसपास के लोग भी दौड़े। परिवार वालों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे खुद चपेट में आ गए।

झुलसे लोगों में यशोदा (महिला परिजन), डंबर सिंह, साजन राठौर और मोहित राठौर शामिल हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से चारों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर उनकी हालत पर नजर रखे हुए हैं।

घटना की सूचना पर सुनगढ़ी थाना प्रभारी नरेश त्यागी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आरोपी शराब के नशे में था। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर कंजा हरैया में विराट हिंदू सम्मेलन, 5 हजार ने ग्रहण किया सामूहिक भोज

(जीएनएस)।

पीलीभीत,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के कंजा हरैया स्थित संजय गांधी मेमोरियल उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सामाजिक समरसता बढ़ाना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना था। शिक्षा, संस्कृति व स्वदेशी पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग संघ चालक ओम प्रकाश और बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र जी, कथावाचक सुनील कौशल महाराज व राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका दीपा काला जी रहीं।




उन्होंने जातिगत भेदभाव समाप्त कर हिंदू एकता पर जोर देते हुए नारा दिया, "जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई।" कमजोरों पर अत्याचार रुकाने, आत्मनिर्भरता व महिला सशक्तिकरण पर भी आ'ान किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में साधु-संत शामिल हुए। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जबकि मतुआ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जयकिशन मंडल व पश्चिम बंगाल की 14 वर्षीय गायिका अनीशा मजूमदार ने मधुर संगीत से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन भारत माता आरती व महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा के साथ हुआ, उसके बाद 5 हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक खिचड़ी भोज ग्रहण किया।

कार्यक्रम का संचालन जगदीश सक्सेना ने किया तथा अध्यक्षता विद्यालय कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष सुरंजन सरदार ने की। विभाग प्रचारक कृष्णा, जिला प्रचारक दुष्यंत, सह विभाग प्रचारक अमित, नगर व मरौरी खंड प्रचारक कुलदीप, मरौरी खंड कार्यवाह दयाराम सहित संघ के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीसलपुर पुलिस का साहसिक अभियान: दुष्कर्म के 5 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

(जीएनएस)।

पीलीभीत, थाना बीसलपुर पुलिस ने दुष्कर्म की गंभीर घटना में वांछित 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में यह सफलता हासिल हुई है।मुखबिर की सूचना पर आज थाना बीसलपुर पुलिस ने कस्बा बीसलपुर के द ब्रदर्स लॉन के निकट से अभियुक्तों को दबोच लिया। मुकदमा संख्या 34/2026 धारा 70(2) बीएनएस एवं 5( )/5( )/6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में ये अभियुक्त फरार थे। गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।घटना का विवरण:




22 जनवरी 2026 को थाना बीसलपुर क्षेत्र में वादिनी ने अपनी पुत्री के साथ अभियुक्तों द्वारा बलात्कार करने और वीडियो बनाने की शिकायत दर्ज कराई। तहरीर मिलते ही मामला पंजीकृत कर विवेचना शुरू की गई, जिसके आधार पर आज अभियुक्त गिरफ्तार हुए।गिरफ्तार अभियुक्त:अवनीश कुमार पुत्र धर्मपाल, ग्राम जसोली, थाना बीसलपुर, पीलीभीत विकास कुमार पुत्र आनंद कुमार, ग्राम जसोली, थाना बीसलपुर, पीलीभीत प्रशांत गंगवार पुत्र धर्मपाल गंगवार, ग्राम जसोली, थाना बीसलपुर, पीलीभीत शरद कुमार गंगवार पुत्र राकेश कुमार, ग्राम जसोली, थाना बीसलपुर, पीलीभीत सुमित पुत्र कामता प्रसाद, ग्राम जसोली, थाना बीसलपुर, पीलीभीत गिरफ्तारी टीम:

प्रभारी निरीक्षक संजीब कुमार शुक्ला, उ0नि0 रमेश चंद्र शर्मा, हे0का0 जितेंद्र, मुनेश पाल, विनोद कुमार, का0 परमजीत, सन्नी कुमार, अमित कुमार, म0का0 वंदना एवं शीतल।पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्ती जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

# मतदाता दिवस पर पीलीभीत की अनोखी सौगात: उत्कृष्ट बीएलओ परिवार संग बॉर्डर-2 का रोमांच, टाइगर रिजर्व की सैर!

(जीएनएस)।

पीलीभीत, जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित मुख्य समारोह की अध्यक्षता जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने की। इस बार का विशेष फोकस बूथ लेवल अधिकारियों (इछड) पर रहा, जिन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में अहम भूमिका निभाई।

उ्ट ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ इछड को उनके परिवार संग पीलीभीत टाइगर रिजर्व व चूका बीच की सैर का शानदार उपहार दिया। साथ ही, 'बॉर्डर-2' फिल्म के टिकट भी भेंट किए। हरी झंडी दिखाकर सफारी वाहनों को रवाना करते हुए उ्ट ने इछड कर्मियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नाटक, गीत व नृत्य से मतदान का महत्वपूर्ण संदेश दिया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



समारोह के अंत में उ्ट ने सभी को निर्भीक मतदान व लोकतंत्र की रक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, "मतदान हमारा अधिकार भी है और राष्ट्र निर्माण का कर्तव्य भी। इन इछड का सम्मान उनके समर्पण के प्रति हमारी कृतज्ञता है।" यह आयोजन लोकतांत्रिक उत्साह को नई ऊंचाई दे गया।

# 50 वाश वॉरियर्स को डीडीडब्लूएस के विशेष अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया

(जीएनएस)।

25 जनवरी 2026 को प्रधानमंत्री संग्रहालय के भ्रमण के दौरान जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग के विशेष अतिथि

जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्लूएस) ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए देशभर के गांवों से कुल 58 'वाश वॉरियर्स' को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।

इन 'वाश वॉरियर्स' को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 'स्वच्छ सुजल गांवों' से नामित किया गया है और ग्रामीण परिवारों, गरीब और वंचित समुदायों, अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) बहुल गांवों तथा कमजोर जनजातीय समूहों से आने वाले ये प्रतिनिधि, ग्रामीण जल और स्वच्छता के क्षेत्र में समुदाय के नेतृत्व में हुई प्रगति को प्रदर्शित करते हैं।




एक 'स्वच्छ सुजल गांव' वह गांव है जो जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' प्रमाणित है और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 'ओडीएफ प्लस मॉडल' सत्यापित है। ये चयनित प्रतिनिधि ग्रामीण भारत में पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता और स्वच्छता (वाश) पहल में जमीनी स्तर के नेतृत्व का उदाहरण पेश करते हैं।

26 जनवरी 2026 को, 'वाश वॉरियर्स' से युक्त ये विशेष अतिथि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे। परेड के दौरान उन्हें 'सोन एन्क्लोजर' में बिठाया जाएगा।

पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव, श्री अशोक के. के. मीणा, नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 'घाघरा (एस) एन्क्लोजर' से गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगे।